भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*298
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2019/ 18 अग्रहायण, 1941 (शक)

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

***298. श्री संतोष पान्डेयः**

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में खोले गए औद्योगिक प्रशिक्षणसंस्थानों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या उपरोक्त सभी संस्थान कार्यरत हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामनिर्दिष्ट युवाओं की संख्या कितनी है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय)

(क) से (ग) इस संबंध में एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

माननीय सांसद श्री संतोष पान्डेय द्वारा 09.12.2019 को 'औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान' से संबंधित लोकसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *298 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संदर्भित विवरण

(क) से (ग) जी हां, छत्तीसगढ़ राज्य में 233 (123 सरकारी तथा 110 निजी) आईटीआइज हैं जो राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से सम्बद्ध हैं और शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

अगस्त, 2018 में उक्त 233 आईटीआइज में सीटों की कुल क्षमता संख्या 24431 (123 सरकारी आईटीआइज में 11562 तथा 110 निजी आईटीआइज में 12869) है और नामांकित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या 24333 (123 सरकारी आईटीआइज में 12108 तथा 110 निजी आईटीआइज में 12225) है।

*****